## संपादकीय

# नयी सुबह की चुनौती

आखिरकार जम्मू-कश्मीर अनुच्छेद 370 के प्रावधानों की समाप्ति के बाद अब यह विधिवत रूप से दो केंद्रशासित प्रदेशों में बंट गया है। निश्चय ही यह राज्य के ?इतिहास में बदलावकारी घटना है। हालांकि, यह भी हकीकत है कि कश्मीरी जनमानस अभी इस बदलाव को सहजता से स्वीकार करने को तैयार नजर नहीं आता, जिसमें दशकों से सीमापार से चलाये जा रहे भारत विरोधी अभियान की बड़ी भूमिका रही है, जिसकी परिणति अन्य राज्यों से आये श्रमिकों और ट्रक चालकों की हत्या के रूप में सामने आयी है। यह एक हकीकत है कि बदलाव देश की संसद द्वारा पारित कानून के तहत अस्तित्व में आया है, जिससे पीछे हटने का प्रश्न ही नहीं उठता। आज जरूरत इस बात की है कि कश्मीरी लोग देश की मुख्यधारा से जुड़कर एक बार कश्मीर को फिर से?धरती का स्वर्ग बनाने में योगदान दें। टकराव व हिंसा से किसी को फायदा नहीं होगा। फायदा होगा तो कश्मीर के मुद्दे पर पूरी दुनिया में कुप्रचार कर रहे पाकिस्तान को। यही वजह है कि भारत ने अनुच्छेद 370 को हटाये जाने को भारत का आंतरिक मामला बताकर दुनिया में पाक के मंसूबे पर पानी फेर दिया। चंद पाकपरस्त राष्ट्रों को छोड़कर दुनिया की तमाम महाशक्ति यां भारत के पक्ष से सहमत नजर आईं। यहां तक कि बड़े इस्लामिक देशों ने इसे भारत का अंदरूनी मामला बताया। मगर यहां केंद्र सरकार को गंभीरता से सोचना होगा कि महज सुरक्षा बलों के बूते लंबे समय तक स्थितियों को नियंत्रित नहीं रखा जा सकता। हाल में हुई कई आतंकी घटनाओं को इसकी परिणति के रूप में देखा जा सकता है। अन्य राज्यों से आये श्रमिकों व सेब की सप्लाई से जुड़े ट्रक ड्राइवरों पर लगातार बढ़ रहे हमले इसी कड़ी का हिस्सा हैं। निःसंदेह विकास की बाट जोह रहे लद्दाख और जम्मू-कश्मीर को छोटी प्रशासनिक इकाई का लाभ मिलेगा। दोनों केंद्रशासित प्रदेशों के लिए यह नयी शुरुआत है। ऐसे में केंद्र सरकार को जम्मू-कश्मीर में जनजीवन सामान्य बनाने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। हालांकि, सरकार ने फोन सेवा की बहाली और स्कूलों को खोलकर स्थिति सामान्य बनाने की कोशिश की है, मगर अभी बहुत कुछ करना बाकी है। यह ठीक है कि पाकिस्तान द्वारा पूरी दुनिया में अनुच्छेद-370 को समाप्त करने के खिलाफ किये जा रहे कुप्रचार के मुकाबले के लिये यूरोपीय यूनियन के सांसदों का कश्मीर दौरा एक सार्थक पहल है, मगर साथ ही यह भी जरूरी है कि भारतीय विपक्षी राजनेताओं को भी इसी तरह कश्मीर जाने का मौका मिले। यहां यह ध्यान रखना जरूरी है कि विपक्ष इस संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करने से परहेज करे। राष्ट्रीय सरोकारों की कीमत पर राजनीति की इजाजत नहीं दी जा सकती। इसके बावजूद सरकार को विपक्ष के साथ?मिलकर कश्मीरी जनमानस को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी ही चाहिए।

# पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में भारत के गैर खिलाड़ी कप्तान होंगे रोहित राजपाल



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय खिलाड़ी और अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की चयन समिति के अध्यक्ष रोहित राजपाल को सोमवार को पाकिस्तान के खिलाफ उसकी सरजमीं पर होने वाले आगामी डेविस कप मुकाबले के लिए भारत का गैर खिलाड़ी कप्तान बनाया गया।इस तरह की अटकलें थी कि अनुभवी लिएंडर पेस को इस पद के लिए चुना जा सकता है क्योंकि शीर्ष खिलाड़ियों और कप्तान महेश भूपति के हटने के बाद उन्होंने स्वयं को उपलब्ध रखा था।भारत के सुरक्षा संबंधी चिंता जताने के बाद इस्लामाबाद में 29 और 30 नवंबर को होने वाले इस मुकाबले को पहले ही एक बार स्थगित किया जा चुका है। एआईटीए ने चंडीगढ़ में अपनी वार्षिक आम बैठक में राजपाल को नियुक्त करने का फैसला किया।एआईटीए के एक सूत्र ने बताया, ''पूर्व अध्यक्ष अनिल खन्ना और निवर्तमान प्रवीण महाजन ने रोहित राजपाल के नाम का प्रस्ताव रखा और सभी इस पर सहमत हो गए। राजपाल गैर खिलाड़ी कप्तान के रूप में पाकिस्तान जाएंगे और फिलहाल यह इंतजाम सिर्फ इस मुकाबले के लिए किया गया है।''एआईटीए ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) से इस मुकाबले को तटस्थ स्थान पर स्थानांतरित करने का आग्रह किया था और विश्व टेनिस की संचालन संस्था सोमवार को इस संदर्भ में फैसला कर सकती है।इस मुकाबले का आयोजन पहले सितंबर में होना था लेकिन दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव के कारण भारत के अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताने के बाद इसे स्थगित कर दिया गया था।भारत के जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के फैसले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया।

## ठप हुआ इंडिगो एयरलाइंस का सर्वर, एयरपोर्ट काउंटर्स पर लगी यात्रियों की लंबी कतारें



**नई दिल्ली।** देश की मशहूर एयरलाइंस इंडिगो एयरलाइंस का सर्वर देश भर में आज ठप हो गया जिससे इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट्स में सफर करने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे देश भर के एयरपोर्ट पर मौजूद एयरलांइस के काउंटरों पर यात्रियों की लंबी-लंबी लाइनें लग गई। इसकी जानकारी एयरलाइंस ने दी है।

इंडिगो एयरलाइंस का सर्वर ठप पड़ जाने के कारण देश के विभिन्न शहरों के एयरपोर्ट पर यात्रियों को परेशानियां हो रही हैं। इस पर एयरलांइस की ओर से बयान जारी कर कहा गया है, हमारा सिस्टम सभी नेटवर्क पर ठप पड़ गया है। हमें आशंका है कि हमारे सभी काउंटर्स पर पहले की अपेक्षा अधिक भीड़ रहेगी। कृपया हमारा सहयोग करें. हम इस समस्या को दूर करने के लिए काम कर रहे हैं।

यह पहली बार नहीं है कि इंडिगो एयरलाइंस के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा हो। इससे पहले जुलाई में सैकड़ों यात्रियों को एयरलाइंस का सर्वर खराब होने के कारण असुविधा हुई थी। उस समय बेंगलुरु में करीब 63 फ्लाइट आधे घंटे से अधिक समय तक देरी से उड़ी थीं।

## 100 करोड़ की देनदारी में फंसा बिल्डिंग कंपनी का डायरेक्टर, गिरफ्तार

**नोएडा।** सौ करोड़ रुपए की बकाया राशि नहीं चुकाने की वजह से 3 सी बिल्डर के निदेशक सुरप्रीत सूरी को सोमवार को उनके दिल्ली स्थित कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया गया। एसडीएम दादरी राजीव राय ने बताया कि 3 सी बिल्डर के ऊपर विभिन्न विभागों का 100 करोड़ रुपया बकाया है जिसकी रिकवरी के लिये आरसी जारी हुई थी।

बिल्डर को कई बार नोटिस देकर कहा गया कि वह अपनी देनदारी का भुगतान कर दे। उन्होंने बताया कि कई बार नोटिस देने के बावजूद भी बिल्डर ने बकाया राशि दादरी तहसील में जमा नहीं कराई।

एसडीएम ने बताया कि आज कार्रवाई करते हुए 3 सी बिल्डर के डायरेक्टर सुरप्रीत सूरी को दिल्ली स्थित उनके कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें दादरी तहसील की हवालात में रखा गया है।

## श्रीकांत ने नाम वापस लिया, सिंधू और साइना की नजरें चीन ओपन खिताब पर



**फुझोउ।** शीर्ष भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने चीन ओपन से नाम वापस ले लिया लेकिन महिलाओं में शीर्ष खिलाड़ी पीवी सिंधू और साइना नेहवाल मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सात लाख डालर इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट से लय हासिल करने के साथ खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। विश्व रैंकिंग में पूर्व नंबर एक भारतीय खिलाड़ी श्रीकांत को मौजूदा विश्व चैम्पियन और नंबर एक खिलाड़ी जापान के केंटो मोमोटा से भिड़ना था लेकिन उन्होंने टूर्नामेंट में भाग नहीं लेने का फैसला किया। श्रीकांत अगले सप्ताह खेले जाने वाली हांगकांग ओपन विश्व टूर सुपर 500 प्रतियोगिता में भाग लेंगे। भारत की नजरें सिंधू और साइना के खेल पर होंगी जिनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीदें हैं। एकल में इन दोनों महिला खिलाड़ियों के अलावा युगल में सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष जोड़ी से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिन्होंने पिछले महीने फ्रेंच ओपन के फाइनल तक का सफर तय किया था। भारतीय जोड़ी हालांकि उपविजेता रही थी। इससे पहले चीन, कोरिया और डेनमार्क में खेले गये टूर्नामेंटों के पिछले तीन टूर्नामेंट में सिंधू और साइना का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच कर लय में होने का संकेत दिया था।

## पेट्रोल के दाम में चौथे दिन गिरावट, डीजल की कीमत भी घटी



**नई दिल्ली।** पेट्रोल के दाम में लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गई जबकि दो दिन के विराम के बाद डीजल की कीमत में भी कटौती की गई। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम में नौ पैसे जबकि कोलकाता में आठ पैसे प्रति लीटर की कटौती की गई है। डीजल के दाम दिल्ली में पांच पैसे, कोलकाता और मुंबई में तीन पैसे जबकि चेन्नई में दो पैसे प्रति लीटर कम हो गए हैं।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम घटकर क्रमश : 72.65 रुपये, 75.37 रुपये, 78.33 रुपये और 75 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। चारों महानगरों में डीजल के दाम भी घटकर क्रमशः 65.75 रुपये, 68.16 रुपये, 68.96 रुपये और 69.50 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

## सोना 115 रुपये मजबूत, चाँदी भी चमकी

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर पीली धातु में रही गिरावट के बीच स्थानीय ग्राहकी आने से दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना सोमवार को 115 रुपये चमककर 40,085 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुँच गया। चाँदी भी 200 रुपये की बढ़त के साथ 48,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही।

## इंटरनेट पर छाया जाह्नवी कपूर का चांदनी लुक, मिलने लगे शादी के ऑफर



जाह्नवी कपूर को भले ही उनके जिम लुक के लिए कितना ही ट्रोल किया जाता रहा हो, लेकिन जाह्नवी ने ट्रोलर्स को कभी भी अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। और तो और उन्हें फिल्म इंडस्ट्री की स्टाइलिश ऐक्ट्रेसेस में से एक माना जाता है। ट्रडिशनल से लेकर वेस्टर्न आउटफिट्स को वह बड़ी ही आसानी से कैरी कर लेती हैं।

हाल ही में जाह्नवी को वाइट कलर की साड़ी में स्पॉट किया गया। इसके साथ उन्होंने डीप बैक वाला स्टाइलिश ब्लाउज पहना था। जाह्नवी के इस लुक को देख फैन्स को श्रीदेवी की याद आ गई। लोगों ने जाह्नवी के इस लुक को फिल्म चांदनी वाली श्रीदेवी से कंपेयर कर दिया और कहा कि जाह्नवी को वाइट साड़ी में देख चांदनी जैसा फील आ रहा है।

वहीं एक फैन ने लिखा, जाह्नवी आप वाइट साड़ी में ज्यादा हॉट लगती हो। वहीं एक यूजर ने तो जाह्नवी को शादी के लिए प्रपोज ही कर दिया। उसने लिखा, जाह्नवी क्या आप मुझसे शादी करोगी? बता दें कि जाह्नवी ने यह वाइट साड़ी अपनी फैमिली की दिवाली आफ्टर पार्टी में पहनी थी और इसमें वह काफी गॉर्जस लग रही थीं। उनकी बहनों यानी ऐक्ट्रेसेस सोनम कपूर और अंशुला कपूर ने भी उनकी खूब तारीफ की।

## हाउसफुल 4 की शानदार कमाई से बेहद खुश हैं पूजा हेगड़े




अक्षय कुमार की मल्टी स्टारर फिल्म 'हाउसफुल 4' की बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई जारी है. पांच दिनों में ही इस फिल्म ने 100 करोड़ के क्लब में एंट्री कर ली थी. अब फिल्म तेज़ी से 150 करोड़ की ओर बढ़ रही है. ऐसे में फिल्म की पूरी टीम इस शानदार कमाई से काफी खुश है.

अभिनेत्री पूजा हेगड़े अपनी फिल्म हाउलफुल 4 के 100 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली फिल्मों के क्लब में शामिल होने से बेहद खुश हैं. उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए प्रशंसकों का आभार जताया है. पूजा ने कहा, जब फिल्म अच्छी कमाई करती है तो बेहद खुशी होती है क्योंकि इसका मतलब है कि दर्शकों को यह पसंद आई है और लोग इसे देख रहे हैं. हमने पागलपंती और हास्य से भरपूर फिल्म बनाई है और फिल्म को सराहने के लिए मैं दर्शकों की शुक्रगुजार हूं.

फिल्म ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला ने 'हाउसफुल 4' के छठे दिन की कमाई के आंकड़े जारी किए हैं. फिल्म ने बुधवार को छठे दिन 16.35 करोड़ रुपये का बेहतरीन बिज़नेस किया है. बुधवार की कमाई के बाद फिल्म का कुल कारोबार 128.17 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है.

## सूर्यवंशी के लिए गोलमाल की तरह कार्निवल सॉन्ग शूट करेंगे अक्षय कुमार



हाउसफुल 4 में अपने ऐक्ट से फैंस को हंसाने वाले अक्षय कुमार अब एक बार फिर ऐक्शन मोड में लौटने को तैयार हैं। वह अगली फिल्म सूर्यवंशी में किक्स और पंच लगाते नजर आएंगे। फिल्म का एक महीने का लंबा शेड्यूल हैदराबाद में प्लान हुआ है जो कि नवंबर के आखिर तक चलेगा। एक ग्रैंड सॉन्ग पर भी काम चल रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने अक्षय के साथ बड़े पैमाने पर एक कार्निवल सॉन्ग शूट करने की प्लानिंग की है। यह कुछ गोलमाल अगेन और सिंबा के डांस नंबर्स जैसा होगा। कहा जा रहा है कि गाना अक्षय कुमार, कटरीना कैफ और सूर्यवंशी की बाकी स्टारकास्ट पर फिल्माया जाएगा। इसमें करीब 300 बैकग्राउंड डांसर भी शामिल होंगे।

## आज का राशिफल

मेषः- ऐश्वर्यादि पर खर्च होगा। यश बढ़ेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नए काम मिल सकते हैं। आर्थिक वृद्धि के लिए योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं।

वृषः- विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। किसी धार्मिक स्थल के दर्शन का कार्यक्रम बन सकता है। मित्रों से भेंट होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

मिथुनः- वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अनहोनी की आशंका निर्मूल नहीं हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें।

कर्कः- परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है।

सिंहः- किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। बातचीत में संयम रखें। शत्रुता में कमी रहेगी। स्थायी संपत्ति की खरीदी-बिक्री की योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कन्याः- शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। संतान संबंधी बुरी सूचना प्राप्त हो सकती है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है।

तुलाः- शत्रु पीठ पीछे षड्यंत्र रच सकते हैं। प्रियजनों के साथ रिश्तों में खटास आ सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है।

वृश्चिकः- सुख के साधन जुटेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मित्रों का साथ मिलेगा। प्रयास सफल रहेंगे। किसी विवाद में विजय मिल सकती है।

धनुः- प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकते हैं। बेवजह तनाव रह सकता है। सिर में चोट लग सकती है।

मकरः- यात्रा लंबी तथा मनोरंजक रह सकती है। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। जीवन सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता तथा उत्साह से ओत-प्रोत रहेंगे।

कुंभः- जल्दबाजी से चोट लग सकती है। कुसंगति से बचें। कोई अप्रत्याशित खर्च सामने आएगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। असमंजस की स्थिति बनेगी। लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें।

मीनः- बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मित्रों तथा पारिवारिक सदस्यों के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।

## ड्राई फ्रूट कचौरी बनाने की विधि...



**सामग्रीः**

- 1 कप मैदा
- चुटकीभर अजवायन
- चुटकीभर हींग, थोड़े-से किशमिश- 12-12 बादाम और काजू (कटे हुए)
- 2-2 टीस्पून शक्कर, मूंगफली, सफ़ेद तिल, खसखस और नारियल (कद्दूकस किया हुआ)
- 1-1 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर और सौंफ
- नमक स्वादानुसार
- आधा टीस्पून अमचूर पाउडर, 2 हरी मिर्च (कटी हुई)
- तलने के लिए तेल

**विधिः**

- मैदे में चुटकीभर नमक, अजवायन, 1 टीस्पून गुनगुना तेल और गुनगुना पानी मिलाकर गूंध लें। कपड़े से ढंककर 10 मिनट तक रखें।
- फिलिंग के लिए किशमिश और काजू-बादाम को छोड़कर सारी सामग्री को मिलाकर मिक्सर में पीस लें। - इस मिश्रण में काजू-बादाम और किशमिश मिलाएं। गुंधे हुए मैदे मोटी की लोई लेकर 1 टीस्पून फिलिंग करके कचौरी का शेप देते हुए अच्छी तरह सील कर दें।
- कड़ाही में तेल गरम करके कचौरियों को धीमी आंच पर सुनहरा होने तक तल लें।

## शब्द सामर्थ्य- 34

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानदंड, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 33 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | थ | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## सू-दोकू- 34

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.33का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |